भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2535

उत्तर देने की तारीख 04 दिसम्बर, 2019

छत्तीसगढ़ में डाकघर भवन

2535. श्री संतोष पाण्डेय :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ क्षेत्र के ऐसे डाकघरों की संख्या कितनी है जिनके अपने भवन नहीं हैं;

(ख) क्या राजनंदगांव निर्वाचन क्षेत्र के राजनंदगांव और कबीरधाम जिलों में नए डाकघर भवनों के निर्माण कार्य को मंजूरी मिल गई है;

(ग) यदि हां, तो ऐसे नए भवनों की संख्या और उनका स्थान क्या है और इस संबंध में क्या प्रगति हुई है; और

(घ) ऐसे स्वीकृत भवनों की संख्या कितनी है जिनमें अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) छत्तीसगढ़ डाक क्षेत्र में 308 डाकघरों के पास अपने भवन नहीं हैं।

(ख) वर्ष 2008 से, राजनंदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के राजनंदगांव और कबीरधाम जिलों में डाकघरों के लिए नए भवन निर्माण की किसी परियोजना को संस्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।

(ग) उपर्युक्त भाग (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) उपर्युक्त भाग (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****